**सं.सीडीएन/80/2017-समन्वय**
**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक :10 अक्तूबर, 2018

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में सितम्बर, 2018 के लिए मासिक सारांश ।**

अधोहस्ताक्षरी को सितम्बर, 2018 के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में अंग्रेजी में मासिक सारांश के अवर्गीकृत अंश की प्रति इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है ।

(के.सी. बेहरा)
उप सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन : 011 - 23380547

**संलग्नक : यथोपरि**

**प्रति प्रेषित :**

मंत्री परिषद के सभी सदस्य

**अनुलग्नकों के साथ निम्नलिखित को प्रतिलिपि प्रेषित :**

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग,
2. भारत के राष्ट्रपति के सचिव,
3. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव,
4. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन,
5. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग,
6. प्रधान महानिदेशक (एम एंड सी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
7. भारत सरकार के सभी सचिव,
8. मंत्रि, डब्ल्यूसीडी के निजी सचिव/राज्य मंत्री, डब्ल्यूसीडी के निजी सचिव,
9. पीआईओ, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय,
10. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें ।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में सितम्बर, 2018 के लिए मासिक सारांश रिपोर्ट

---

सितम्बर, 2018 को समाप्त माह के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं :

### 1. माननीय प्रधानमंत्री का फील्ड कर्मियों के साथ सीधा संवाद

प्रधानमंत्री ने 11 सितम्बर, 2018 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर के तीन ए-आशा कर्मियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा एएनएम (सहायक नर्स मिड वाईफ) की टीम से सीधी बातचीत की । माननीय प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की योजनाओं को पहुंचाने में उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की । उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की प्रदायगी में सुधार तथा पोषण अभियान के लक्ष्य - देश में कुपोषण कम करने के लिए नवाचारी विधियों के प्रयोग की सराहना की ।

### 2. राष्ट्रीय पोषण माह मनाना

मंत्रालय ने पोषण अभियान के तहत सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया, जो भारत सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों में से एक है । यह गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, किशोरियों तथा आम जनता के लिए समुचित पोषण एवं देखरेख के लाभों के बारे में जागरुक बनाकर लोगों की सोच बदलने तथा पोषण संदेश का प्रसार करने के लिए पूरे देश में पूरे माह चलने वाला समारोह था ।

लगभग 18.67 करोड़ लोगों ने पोषण माह समारोह में भाग लिया । पूरे देश में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा लगभग 17.73 लाख गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

### 3. मातृ वंदना सप्ताह

मंत्रालय ने योजना की पहली वर्षगांठ के अवसर पर 01 से 07 सितम्बर, 2018 तक विभिन्न विषयों पर मातृ वंदना सप्ताह आयोजित करने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 07 सितम्बर, 2018 को देहरादून, उत्तराखंड में मातृ वंदना सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया ।

मंत्रालय ने उक्त राज्यों में पीएमएमवाई के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा हेतु 05 राज्यों अर्थात असम, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया ।

**4. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस - स्वच्छता ही सेवा**

अपर सचिव, डब्ल्यूसीडी की अध्यक्षता में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । पूरे देश में संदेश का प्रसार करने और एसएचएस गतिविधियों के समुचित निष्पादन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के कार्यान्वयन के साथ फील्ड प्रतिष्ठानों द्वारा पहलें की गई ।

**5. स्वच्छता ही सेवा**

मंत्रालय ने 15 सितम्बर, 2018 से 02 अक्तूबर, 2018 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लिया । इस अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर श्रमदान में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा आईसीडीएस कर्मियों ने भाग लिया । बच्चों द्वारा पोस्टर के साथ रैलियां निकाली गईं, आंगनवाड़ी केंद्र की सफेदी तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई । मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने श्रमदान करके स्वच्छता की गतिविधियों में योगदान दिया ।

**6. राष्ट्रीय पोषण सप्ताह**

मंत्रालय की एफएनबी यूनिटों ने 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में "बच्चे के पहले 1000 दिन के दौरान अल्पपोषण को दूर करने पर संकेंद्रित उपायों का सुनिश्चय करना : बेहतर बाल स्वास्थ्य" विषय पर 01 से 07 सितम्बर, 2018 तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया । एक सप्ताह के इस समारोह के दौरान राज्य स्तरीय गोष्ठी, प्रदर्शनी, पोषण रैली, प्रहसन, प्रतियोगिता जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित राज्य सरकारों, शैक्षिक संस्थाओं, एनजीओ और मीडिया का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ ।

**7. खाद्य एवं पोषण बोर्ड (एफएनबी)**

मंत्रालय के खाद्य एवं पोषण बोर्ड ने आईसीडीएस के पूरक पोषण कार्यक्रम की निगरानी के लिए 304 आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया । इसके अलावा, पोषण, पोषक तत्वों के संरक्षण, खाना पकाने की उचित विधियों आदि के महत्व के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए शहरी मलिन बस्तियों, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में 321 पोषण शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

**8.** वन स्टॉप सैंटर के लिए राज्य सरकारों के साथ परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई तथा प्रत्येक जिले में एक ओएससी स्थापित करने के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री के निदेश को ध्यान में रखते हुए 130 वन स्टॉप सैंटर संस्वीकृत किए गए ।

**9.** समेकित नोडल एजेंसी की बैठक का आयोजन किया गया तथा एक एनआरआई पति के विरूद्ध उसकी पत्नी की शिकायत पर एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया । यह हमारे द्वारा अब तक जारी किया गया सातवां एलओसी था ।

**10.** नीति आयोग के उपाध्यक्ष के निदेशों के अनुसार डीएमईओ के साथ पोषण कार्यक्रम के परिणाम आधारित मूल्यांकन को अंतिम रूप दिया गया ।

**11. न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन**

- विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ बातचीत एवं संवाद के लिए नियमित आधार पर वीडियो कॉन्फ्रैंस आयोजित की जा रही है ।
- मंत्रालय द्वारा ई-ऑफिस के कार्यान्वयन से सरकारी खजाने की बचत हुई है; इसके अलावा, काफी संख्या में अंतरमंत्रालयी संचार ई-मेल के माध्यम से किए जाते हैं ।
- हितधारकों द्वारा सुगम पहुंच के लिए सभी नीतियों/कार्यक्रमों/योजनाओं/अधिनियमों/संस्वीकृतियों/आदेशों आदि को सर्वाधिकार क्षेत्र में अपलोड किया गया है ।

***